प्राचार्य का कार्यालय
श्री कृष्ण चिकित्सा महाविद्यालय
मुजफ्फरपुर

श्री रवि राज कुमार,
लिपिक,
श्री कृष्ण चिकित्सा महाविद्यालय,
मुजफ्फरपुर ।

आपको विदित है कि इस चिकित्सा महाविद्यालय में सत्र 2015 – 16 में सभी छात्र/छात्राओं का नामांकन प्रक्रिया पूर्ण हो चुकी है । सभी छात्र/छात्राओं से नामांकन के समय प्राप्त नामांकन शुल्क तथा अन्य सभी शुल्क को सरकारी नियमानुसार उसे सरकारी खाते मे जमा कराना पड़ता है, परन्तु आपने आज तक उक्त राशि को नियमानुसार सरकारी खाते में जमा नही कराया है, जो अत्यन्त खेद का विषय है । इस बिन्दु पर अधोहस्ताक्षरी द्वारा बार – बार आपको दिर्नेश भी दिया गया है ।

साथ ही इस चिकित्सा महाविद्यालय में विश्वविद्यालय परीक्षा सम्पन्न कराने हेतु आर्यभट्ट ज्ञान विश्वविद्यालय, पटना से प्राप्त राशि का विगत तीन वर्षो से अद्यतन कर आर्यभट्ट ज्ञान विश्वविद्यालय, पटना को आपने प्रतिवेदन नही समर्पित किया है । इसके लिए संबंधित विश्वविद्यालय से कई बार दिशा – निर्देश प्राप्त हो चुका है, परन्तु आपने अब तक इस दिशा में कोई कदम नही उठाया है, जो सरकारी कार्य के प्रति घोर लापरवाही का द्योतक है ।

अतः पत्र प्राप्ति के 24 घंटे के अन्दर आप उपरोक्त कार्यो से संबंधित राशि को खाते में जमा करते हुए संबंधित सम्पूर्ण संचिका को अद्यतन कर अधोहस्ताक्षरी के समक्ष प्रस्तुत करना सुनिश्चित करेंगे । अन्यथा आपके विरूद्व न्यायोचित कार्रवाई की जाएगी ।

ह0/–
प्राचार्य

ज्ञापांकः– 1885/15 दिनांकः– 5.11.15

प्रतिलिपिः–

1) प्रभारी प्राध्यापक (प्र0)/बरसर, श्री कृष्ण चिकित्सा महाविद्यालय, मुजफ्फरपुर को सूचनार्थ प्रेषित ।

2) I.T. Sec., श्री कृष्ण चिकित्सा महाविद्यालय, मुजफ्फरपुर को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु सूचनार्थ प्रेषित ।

(signature) 5/11/15

प्राचार्य
श्री कृष्ण चिकित्सा महाविद्यालय
मुजफ्फरपुर